सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान में पूर्वी चंपारण में 89.61 प्रतिशत हुआ मतदान

● 27 प्रखंडों में बनाये गये थे मतदान केंद्र ● 1743 में से 1562 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग ● घोड़ासहन, पताही, तेतरिया और रामगढ़वा में शत-प्रतिशत

मोतिहारी (आससे)। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को पूर्वी चंपारण जिले में मतदान की प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिले के सभी 27 प्रखंड परिसरों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। निर्धारित मतदान के दौरान मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में कुल 89.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। निर्वाचन संबंधी आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले में कुल 1743 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। इनमें से 1562 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान करने वालों में 1394 पुरुष और 168 महिला मतदाता शामिल रहीं। इस प्रकार जिले में कुल मतदान प्रतिशत 89.61 रहा, जो निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।

चार प्रखंडों में शत-प्रतिशत मतदान : जिले के चार प्रखंडों घोड़ासहन, पताही, तेतरिया और रामगढ़वा में सभी निर्धारित मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन प्रखंडों में शत-प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के प्रति मतदाताओं की भागीदारी को देखते हुए इन प्रखंडों में मतदान प्रक्रिया निर्धारित व्यवस्था के तहत पूरी हुई। सुरक्षा से लेकर प्रशासनिक निगरानी तक रही पुख्ता व्यवस्था : मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण की ओर से व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर स्टेटिक फोर्स के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अतिरिक्त मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

प्रशासनिक व्यवस्था के तहत प्रत्येक जोनल अधिकारी को लगभग दो प्रखंडों की जिम्मेदारी दी गई थी, ताकि मतदान केंद्रों पर आवश्यक निगरानी रखी जा सके और किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सात वरीय अधिकारियों को बनाया गया सुपर जोनल दंडाधिकारी : मतदान की निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए जिले के सात वरीय अधिकारियों को सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। इनमें नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, एडीएम लोक शिकायत, एडीएम विभागीय जांच तथा जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सहित वरीय प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। इन अधिकारियों के माध्यम से मतदान व्यवस्था की निगरानी की गई और संबंधित क्षेत्रों में प्रशासनिक समन्वय बनाए रखा गया। डीएम सौरभ सुमन यादव और एसपी स्वर्ण प्रभात ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण : जिले में मतदान प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक लगातार सक्रिय रहे। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों की ओर से मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक निगरानी की गई। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई थी। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर चल रही गतिविधियों की पल-पल की जानकारी प्राप्त की जा रही थी। इससे मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी और प्रशासनिक समन्वय बनाए रखने में मदद मिली। बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया : जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यापक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और सतत निगरानी के बीच पूर्वी चंपारण जिले में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिले के किसी भी मतदान केंद्र से किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। मतदान संपन्न होने के साथ ही प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस प्रकार पूर्वी चंपारण जिले में 27 प्रखंडों के मतदान केंद्रों पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान संपन्न हुआ। जिले में 89.61 प्रतिशत मतदान और चार प्रखंडों में शत-प्रतिशत मतदान इस निर्वाचन के प्रमुख आंकड़े रहे।

चिरैया में 93.62 प्रतिशत हुआ मतदान

47 मतदाताओं में 44 ने किया मताधिकार का प्रयोग

चिरैया (आससे)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में चिरैया प्रखंड में शुक्रवार को 93.62 प्रतिशत मतदान हुआ। अंचल कार्यालय परिसर स्थित मतदान केंद्र पर कुल 47 मतदाताओं में से 44 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम चार बजे तक चला। इस दौरान मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रखंड में कुल 47 मतदाताओं में 41 पुरुष और छह महिलाएं थीं। इनमें 39 पुरुष और पांच महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कुल 44 मतदाताओं ने वोट डाले। दोपहर दो बजे तक करीब 85 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वहीं, अपराह्न तीन बजे तक सभी 44 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से कराया गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। सभी मतदाताओं की वीडियोग्राफी कराई गई। रक्सौल के अंचलाधिकारी अरविंद कुमार को पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। वहीं, सुरक्षा की जिम्मेदारी चिरैया थाने के सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार और सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के जिम्मे थी। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

72 ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग, 77.41 प्रतिशत मतदान दर्ज

तुरकौलिया। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को तुरकौलिया स्थित मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। केंद्र पर कुल 93 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 72 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह यहां 77.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वोट डालने वालों में 58 पुरुष और 14 महिला मतदाता शामिल रहीं।

जिले में शराब तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, तीन थाना क्षेत्रों में बड़ी कारवाई, 6 अभियुक्त गिरफ्तार

मोतिहारी(आससे)। जिले में शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जितना, शिकारगंज और छतौनी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों में नेपाली शराब, चुलाई शराब और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब ढोने में इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों को भी जब्त किया है। सभी मामलों में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जितना थाना क्षेत्र में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वाहन जांच के क्रम में ग्राम बनकटवा के पास एक मोटरसाइकिल पर लदी कुल 27 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। इस मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से संबंधित मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। शिकारगंज थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। वाहन जांच के दौरान ग्राम परेवा डांगर टोली चौक के पास एक मोटरसाइकिल पर लदी कुल 90 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शराब की बरामदगी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। छतौनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के दौरान एक ई-रिक्शा पर रखी कुल 4.50 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। इस कार्रवाई में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले में एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जितना, शिकारगंज और छतौनी थाना क्षेत्रों में हुई इन तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 121.50 लीटर शराब बरामद की गई। इनमें 27 लीटर नेपाली शराब, 90 लीटर चुलाई शराब और 4.50 लीटर अंग्रेजी शराब शामिल है।

केसरिया में 56 में 51 शिक्षक मतदाताओं ने किया मतदान

केसरिया। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को केसरिया प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 36 पर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।मतदान केंद्र पर कुल 56 शिक्षक मतदाता पंजीकृत थे,जिनमें से 51 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार केंद्र पर कुल 91.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।मतदान को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, मतदान केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात रहे। पूरे मतदान के दौरान अधिकारियों ने केंद्र की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी,ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।इस दौरान जोनल मजिस्ट्रेट सह अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी, चकिया, विधानाथ पासवान, सेक्टर मजिस्ट्रेट विकास कुमार तथा पीठासीन पदाधिकारी सह मधुबन बीडीओ उमेश कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं, केसरिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार भी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।अधिकारियों की सतत निगरानी और प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। जारी आंकड़ों के मुताबिक, कल्याणपुर प्रखंड परिसर स्थित मतदान केंद्र पर कुल 56 मतदाताओं में से 54 ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 96.43 रहा। वहीं, चकिया प्रखंड परिसर स्थित मतदान केंद्र पर 93 मतदाताओं में से 87 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां मतदान प्रतिशत 93.55 रहा। केसरिया में 56 में से 51, मधुबन में 54 में से 51 तथा मोतिहारी प्रखंड परिसर स्थित मतदान केंद्र पर 405 में से 334 मतदाताओं ने मतदान किया। हरसिद्धि (आससे) से प्राप्त खबरों के अनुसार- बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2026 के लिए हरसिद्धि प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन में 95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

धान काट रहे किसान को दिखा 9 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने पकड़ा

तुरकौलिया। पिपरिया गांव में शुक्रवार को धान की कटाई के दौरान खेत



में करीब नौ फीट लंबा अजगर मिलने से ग्रामीणों में कौतूहल मच गया। अजगर को देखने के लिए मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, पिपरिया वार्ड नंबर 4 निवासी सुभाष कुमार के खेत में धान की कटाई हो रही थी। इसी दौरान खेत में अजगर दिखाई दिया। अचानक विशालकाय सांप को देखकर खेत में काम कर रहे लोग सतर्क हो गए। इसकी खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे। लोगों की आवाजाही देखकर अजगर धान के बोझे में छिप गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने अजगर को पकड़ लिया और अपने साथ ले गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने पहली बार इतने लंबे अजगर को देखा है। अजगर मिलने की घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी रही।

90 लीटर शराब के साथ बाइक सवार दो गिरफ्तार

चिरैया (आससे)। शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा डांगर टोली चौक के पास पुलिस ने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर ले जाई जा रही 90 लीटर चुलाई शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के परतापुर गांव निवासी लवकुश दास, पिता भाग्यनारायण दास और सुभाष दास, पिता आश नारायण दास के रूप में हुई है। शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि पुलिस ने परेवा ढागर टोली चौक के पास कार्रवाई करते हुए शराब लदी मोटरसाइकिल को रोका। तलाशी के दौरान बाइक से 90 लीटर चुलाई शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और मोटरसाइकिल व शराब जब्त कर ली।

शॉर्टसर्किट से तीन घरों में लगी आग

कल्याणपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मनोरा वार्ड संख्या-5 में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण तीन घर प्रभावित हो गए। अगलगी की इस घटना में तीनों घरों को मिलाकर तीन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार, अगलगी की घटना में सुरेंद्र यादव, पिता बिल्टू राय, खेदु राय, पिता बिल्टू राय तथा विश्वनाथ महतो, पिता स्वर्गीय लोचन महतो के घर प्रभावित हुए हैं। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते तीनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में घरों में रखे सामानों के जलने से भारी नुकसान होने का अनुमान है। अगलगी की घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तीनों घरों में हुई क्षति के कारण प्रभावित परिवारों के सामने परेशानी उत्पन्न हो गई है।

सीमाई क्षेत्रों में चोरी की घटना से लोग चिंतित

सिकटा (संवाद सूत्र)। सीमाई क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। गोपालपुर थाना क्षेत्र के गुलरिया के बाद अब कंगली थाना क्षेत्र के बसंतपुर में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर करीब 15 लाख रुपये के आभूषण, कीमती कपड़े और अन्य सामान चोरी कर लिए। घटना गुरुवार की रात की है। मामले में गृहस्वामी पींटू पटेल ने कंगली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मसवास पंचायत के बसंतपुर निवासी मदन पटेल के पुत्र पींटू पटेल अपने परिवार के साथ रक्सौल में रहते हैं।

मोतिहारी एसपी का बॉर्डर इलाकों में बड़ा एक्शन

रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)। आदापुर तक औचक निरीक्षण, मटियरवा इंडो-नेपाल चेक पोस्ट पहुंचकर परखी सीमा सुरक्षा बड़ी खबर पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से है, जहां 22 अक्टूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक ने सीमावर्ती थानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने रक्सौल, आदापुर, जितना और छौड़ादानो थाना पहुंचकर पुलिस की तैयारियों और विधि-व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मटियरवा इंडो-नेपाल चेक पोस्ट का भ्रमण कर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। लेकिन इस दौरे की एक खास तस्वीर भी सामने आई! रक्सौल थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जवानों के साथ बैठकर रात्रि भोजन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। सीमा सुरक्षा की निगरानी से लेकर जवानों का मनोबल बढ़ाने तक, मोतिहारी पुलिस की यह पहल चर्चा में है। मोतिहारी पुलिस का संदेश साफ है—जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। कैमरे पर नजर आ रही इन गतिविधियों के बीच अब देखना होगा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

25 लाख रुपये के आभूषण ले उड़े चोर

भांजे को काठमांडू एयरपोर्ट छोड़ने गये थे गृहस्वामी

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। रक्सौल से सटे सीमावर्वी देश नेपाल के पर्सा जिले के वीरगंज महानगरपालिका-11 स्थित श्रीपुर नई बस्ती में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। यहां स्थानीय निवासी सनोज साह के घर से चोरों ने करीब 25 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गृहस्वामी सनोज साह अपने भांजे को काठमांडू स्थित हवाई अड्डे पर छोड़ने गए थे। इसी दौरान घर सूना होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी गृहस्वामी के बड़े भाई विनोद साह तेली ने दी। विनोद साह तेली ने आशंका जताई कि चोरी की घटना में नशे की लत से प्रभावित कुछ युवक शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। विनोद साह तेली ने पुलिस प्रशासन से चोरी में शामिल लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करने और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल, चोरी की इस घटना में शामिल लोगों की पहचान और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी को लेकर पुलिस की जांच से जुड़े आधिकारिक तथ्यों का इंतजार है।

'युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' का नाट्य मंचन आज

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और संघ की स्थापना की यात्रा पर आधारित नाटक 'युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार संघ सृजन का भव्य नाट्याविष्कार' का मंचन शनिवार को स्थानीय महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में होगा। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार नाट्य आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम शाम पांच बजे शुरू होगा। नाट्य मंचन के लिए नागपुर से 40 सदस्यीय कलाकारों की टीम मोतिहारी पहुंच चुकी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह संघचालक प्रो. राजकिशोर सिंह, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव, महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि और एसएनएस विद्यापीठ के अध्यक्ष आलोक शर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

आज हमारी परिवार, संस्कृति खतरे में है : डॉ. बिनोद बैठा

मोतिहारी (आससे)। श्री नारायण सिंह महाविद्यालय मोतिहारी में शनिवार को वर्ष 2026 के छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे ढंग से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनोद बैठा कहा कि आज हमारे परिवार और संस्कृति खतरे में है।

क्योंकि हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, महाविद्यालय में इस तरह के संस्कृतिक कार्य क्रम से छात्र-छात्राओं के अंदर छुपे प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि जब आप छात्र-शैक्षणिक रूप से सशक्त होंगे तब जाकर आप अपने संस्कृति, परिवार की सुरक्षा कर पायेंगे। क्योंकि संस्कृति जीने की कला होती है, छात्र छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

महाविद्यालय के एन येस पदाधिकारि डॉ अमित कुमार ने छात्र-छात्रों को बताया कि यह संस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, डॉ सुरेश नारायण ने भी छात्रों को संस्कृति से जुड़ने की मार्मिक अपील की मौके पर छात्र नेता आशीष कुमार ने भी अपने विचार रखे छात्र छात्राओं में मुख्य रूप से सहभागिता देने वालों में शामिल, सजल कुमारी खुशी गुप्ता, झु नि कुमारी, अरमान, राकेश कुमार ने एक्टिव सहभागिता निभाई, महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ रुदल कुमार सिंह, डॉ गौरी गुप्ता डॉ रूपेश कुमार वर्मा सहित कार्यालय सहायक रामकृष्ण, कुनाल आनंद सहित सभी कर्मी मौजूद थे। उक्त जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर विक्रम कुमार द्वारा दी गई।

चौथी पुण्यतिथि पर शिक्षकों ने तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर स्व. पांडे को दी श्रद्धांजलि

चिरैया (आससे)। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद स्व. केदारनाथ पांडेय की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शिक्षक समाज के अधिकारों, सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए उनके संघर्ष को याद किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने कहा कि समय बीतने के साथ महान व्यक्तित्वों के विचार, संघर्ष और आदर्श और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। स्व. पांडे भले ही आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन शिक्षकों के प्रति उनका समर्पण और उनके विचार सदैव जीवंत रहेंगे। शिक्षक आर.के. रवि ने कहा कि स्व. पांडे का संपूर्ण जीवन शिक्षक समाज के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जीवनपर्यंत शिक्षकों की आवाज को बुलंद किया और उनके हक की लड़ाई पूरी निष्ठा, साहस एवं प्रतिबद्धता के साथ लड़ी। उनका संघर्ष और त्याग शिक्षक समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वहीं, शिक्षक राजेश्वर प्रसाद ने कहा कि स्व. पांडे का संघर्ष अमर रहेगा और उनके आदर्श शिक्षकों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के एचएम अरुण कुमार सुमन, जगन्नाथ प्रसाद, दया शंकर पंडित, शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, आदित्य राज, राजीव कुमार, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार, रमेश कुमार, लिपिक विनोद कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी मौजूद रहे।

समाहरणालय, समस्तीपुर

न्यायालय समाहर्त्ता, समस्तीपुर

बिहार सरकार

बिहार मद्य निषेद्य एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत जप्त वाहन मालिकों/संबंधितों के लिए

-: अति अल्पकालीन नोटिस :-

एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) के तहत शास्ति, जो नवीनतम बीमाकृत मूल्य के भुगतान करने पर वाहनों, सवारी/भूमि आदि को छोड़ने का प्रावधान किया गया है।

अतः प्रश्नगत वाहन के वाहन स्वामी होने के नाते उपरोक्त नियम के आलोक में यदि आप चाहें, तो स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जप्त वाहन को मुक्त कराने हेतु इस नोटिस के साथ सलंग्न प्रपत्र **IV** में प्रश्नगत वाहन से संबंधित निबंधन (ऑनर बुक), नवीनतम बीमा (इन्स्योरेंश) कागजात जिसमें इन्स्योरेंश की राशि **(Insured Declared Value)** स्पष्ट रूप अंकित हो तथा स्वयं से संबंधित पहचान पत्र/आधार कार्ड के साथ वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

निर्धारित तिथि तक आपकी प्रतिक्रिया/पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में अग्रेतर विधिनुकूल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा :-

क्र० सं०	उत्पाद वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	जप्त वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नं०/चेचिस नं०/इंजन नं०	गाड़ी मालिक का नाम/पता	सुनवाई का स्थान/तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	16/26-27	शिवाजीनगर	136/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BRO7AT-8855, Chessis No-MBLHAW125MHK77561, Engine No-HA11EYMHK66416	संतोष कुमार मुखिया, पे०-बिन्देश्वर मुखिया, सा०-धिवाही, थाना-शिवाजीनगर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
2	20/24-25	कल्याणपुर	364/2024	पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-06GE-3427, Chessis No-MA1ZN2TNKL5G10983, Engine No-TNL4F80361	रितेश कुमार, पे०-सुनील राय, सा०-अमृतपुर, थाना-वैशाली, जिला-वैशाली।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
3	08/26-27	वैनी	34/2026	साईकिल	.–	अज्ञात	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
4	13/25-26	वैनी	73/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-33PA6322-3427, Chessis No-MDL41A25GWE26637, Engine No-BRZWGE29794	सुनील कुमार, पे०-जगदीश महतो, सा०-पतेपुर गोपीनाथ, थाना-पुसा, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
5	01/25-26	वैनी	58/2024	मैजिक भान	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR33GB-1352, Chessis No-MAT53072LYJ17856, Engine No-800CCD102JZXS57585	श्री संजय कुमार यादव, पिता-जवाहर यादव, सा०-बाबूपुर किशुनपुर, थाना-वारिसनगर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
6	01/25-26	वैनी	58/2024	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR33BE-4681, Chessis No-MD2A13EX5RCM41802, Engine No-DKXCRM08872	श्री बिट्टू कुमार, पिता-श्री शम्भू पासवान, सा०-हरपुर महम्मदा, थाना-पूसा, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
7	03/25-26	वैनी	49/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR33BL-7089, Chessis No-MD2B68BXXRPGO3989, Engine No-DHXPRG56870	श्री शिवम कुमार, पे०-स्व० कपिल शर्मा, सा०-मोतीपुर, थाना-ताजपुर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
8	15/26-27	हथौड़ी	42/2026	साईकिल	–	चिंटू कुमार राम, पे०-जोगीर राम, सा०-मधुरापुर, थाना-हथौड़ी, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
9	10/26-27	कल्याणपुर	87/2026	कार	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR01HC2439, Chessis No-MBHHWB13SPB385808, Engine No-K12NP4210962	श्री रामप्रकाश महतो, पे०-छोटू महतो, सा०-हसनपुर किरत मुक्तापुर वार्ड नं०-15, थाना-कल्याणपुर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
10	04/26-27	हथौड़ी	21/2026	मोटसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-HR33AA1173, Chessis No-MBLHAR186HHE18216, Engine No-H2ND08A00646	बिजेनद्र कुमार पासवान, पे०-लाल बाबू पासवान, सा०-टेलेघरा, भोरेजयराम, थाना-खानपुर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
11	18/25-26	समस्तीपुर रेल थाना	193/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-07-PC-6196, Chessis No-MCG61R3CGJ2193305, Engine No-CGS21J03636	श्री रविभूषण ठाकुर, पे०-श्री राम नरेश ठाकुर, सा०-वार्ड नं०-03, ग्राम-गरूआरा सिंधिया खुर्द, थाना-मुफ्फसील, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
12	06/26-27	वैनी	38/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR31AM6191, Chessis No-MD2B77AX5LRE72815, Engine No-PFXRLE4256	रंजीत चौधरी, पे०-आनंद चौधरी, सा०-राजवा, थाना-बंगरा, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
13	14/25-26	कल्याणपुर	428/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR33AC-8305, Chessis No-MBLJAR159JGG01288, Engine No-JA86ETJG01523	श्री गुड्डू कुमार, पिता-श्री मनचुन राम, सा०-धुरूगामा, थाना-कल्याणपुर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
14	22/25-26	पूसा	78/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR33AU9674, Chessis No-ME4JC83DDNG047706, Engine No-JC83EG3095863	श्री देवेन्द्र सहनी, पे०-श्री बाबूलाल सहनी, सा०-हरापुर महमदा, थाना-पूसा, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
15	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-05GA-1163, Chessis No-MA1ZN2GHKE3A20918, Engine No-GHD4M70263	मो० हसनैन, पे०-मो० मोफउल्दीन, ग्राम-वार्ड न०-02 केसरिया नया गॉव, पूर्वी चम्पारण, बिहार, पितन-845424	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
16	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-34P-3107, Chessis No-MA1XA2GHKF5831734, Engine No-GHF4B65050	मो० नसीम, पे०-मो०फैजुल रहमान, ग्राम-रसुलपुर कावा, पो०-कावाडीह वैशाली, जिला-वैशाली, पिन-843114	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
17	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-33GA-9722, Chessis No-MAT464607LSB01530, Engine No-4SPCR10BZX604463	श्री दिनेश कुमार, पे०-योगेन्द्र राय, सा०-पुरूषोत्तमपुर, पो०-जनार्दनपुर, थाना-कल्याणपुर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
18	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	योद्धा ईको	(1) रजिस्ट्रेशन सं०-BR-33AC-0582, Chessis No-MBLHARI89JHB19034, Engine No-HA10ACJHB52427	श्रीमती रूणा देवी, W/O-श्री अमरेश गिरी, सा०-रूमैली लदौड़ा नियर मंदिर, जिला-समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी -सह- वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013881 (District) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

जिलाधिकारी समस्तीपुर